कांस्टेबल भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा 8 को

बीकानेर, (कासं)। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड के निर्देशानुसार कांस्टेबल भर्ती-2025 में बीकानेर जिले में कांस्टेबल सामान्य एवं कांस्टेबल चालक के पद के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता, माप तौल परीक्षा स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय स्टेडियम में 8 दिसम्बर को प्रातः 6 बजे से आयोजित की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी को अपना प्रवेश पत्र लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र वैध फोटो पहचान पत्र 2 पासपोर्ट साइज फोटो, भर्ती आवेदन पत्र की प्रति एवं समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं 1 जनवरी 2026 से एक वर्ष पूर्व का बना हुआ स्थाई वैध लाइसेंस व उनकी स्वप्रमाणित फोटो प्रतियां तथा राजकीय चिकित्सक द्वारा जारी आरोग्य एवं फिटनेस प्रमाण पत्र सहित प्रवेश पत्र में दिए गए समस्त निर्देशों की पूर्ण पालना करते हुए 8 दिसम्बर को प्रातः 5 बजे निर्धारित परीक्षा स्थल पर उपस्थित होना होगा।

अभ्यर्थियों को पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी विभिन्न दिशा निर्देशों की पालना करनी होगी। उन्होंने बताया कि ईडब्लयूएस प्रमाण पत्र आवेदन करने की दिनांक से पूर्व के वित्तीय वर्ष अर्थात 2024-25 की आय के आधार पर ऑनलाइन जारी आर्थिक पिछड़ा वर्ग का प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इनकम एंड एसेट सर्टिफिकेट को अधिकतम 3 वर्ष के लिए वैध माना जायेगा।

रिडमलसर में विकसित कबीर वाटिका से नई पहचान मिलेगी : गोदारा

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने गुरूवार को रिड़मलसर पुरोहितान (सागर) के ग्राम पंचायत सभागार में छह घंटे से अधिक समय तक आमजन की समस्याएं सुनी।

इस दौरान गोदारा ने कहा कि क्षेत्र में विकास के साथ, आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो इसके लिए राज्य सरकार संकल्पबद्धता के साथ कार्य कर रही है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्तरों पर जनसुनवाई की जा रही है। जनसुनवाई के माध्यम से आमजन और क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी एवं निस्तारण के साथ धरातल पर हो रहे विकास कार्यों का फीडबैक भी मिलता है।

■ **यह क्षेत्र हरियाली से आच्छादित होगा, जो कि पर्यटन के साथ अर्बन ग्रीन लंग्स के रूप में विकसित किया जायेगा**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने रिड़मलसर पुरोहितान (सागर) के ग्राम पंचायत सभागार में जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनी।

गोदारा ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रत्येक प्रकरण का रिकॉर्ड संधारित करते हुए इनका सयमबद्ध निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने अनेक प्रकरणों के संबंध में जयपुर अथवा बीकानेर में सक्षम स्तर के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से दूरभाष पर बात की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने पानी, बिजली, सड़क, रास्ता खुलवाने, विद्युत कनेक्शन करवाने, अतिक्रमण हटाने, पेंशन सहित अन्य प्रकार के सैकड़ों प्रकरण मंत्री के समक्ष रखे। मंत्री गोदारा ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को इन प्रकरणों के संबंध में कार्यवाही करने और सूचित करने के लिए निर्देशित किया।

मंत्री गोदारा ने कहा कि उनके द्वारा राज्य स्तर के साथ जिला, उपखण्ड और ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित जनसुनवाई करते हुए समस्याओं के समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रत्येक अधिकारी इसकी गंभीरता समझें और प्रकरणों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, अतिरिक्त कलेक्टर (प्रशासन) सुरेश कुमार यादव, बीडीए प्राधिकरण सचिव कुणाल राहड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान गोदारा ने कहा कि रिडमलसर क्षेत्र में 22 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित हो रही कबीर वाटिका से क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी। यह क्षेत्र हरियाली से आच्छादित होगा, जो कि पर्यटन के साथ अर्बन ग्रीन लंग्स के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए बीकानेर विकास प्राधिकरण द्वारा 52.40 करोड़ रूपए का कार्यादेश जारी हो चुका है तथा कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सम्बद्धता और गुणवत्ता के साथ किया जाए।

गोदारा ने रिडमलसर पुरोहितान (सागर) के रा. उ. मा. वि. में 21 लाख रूपए की लागत से बने तीन कक्षा कक्षों तथा 20 लाख रूपए की लागत के टीनशेड एवं चौक का लोकार्पण किया। कुम्हारों के मोहल्ले और बाईपास तक 56 लाख 69 हजार रूपए की लागत से बनी सड़क का लोकार्पण किया।

विवाहिता की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

नोखा, (कासं)। ससुराल में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने मृतका के पति और ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना के बाद हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आडसर पुरोहितान निवासी देवाराम ने नोखा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी बहन बसंती की शादी 11 मार्च 2020 को नोखा के लखारा शिव मंदिर निवासी श्यामलाल लखारा से हुई थी। शादी के बाद से ही पति, सास और ससुर बसंती को कम दहेज लाने पर परेशान कर रहे थे। वे लगातार 2 लाख रूपए नकद और नोखा में एक मकान की मांग कर रहे थे।

देवाराम के अनुसार बसंती ने 29 और 30 नवम्बर को फोन पर बताया था कि उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है और उसे गोली देकर मारने की साजिश रची जा रही है। दो दिसम्बर की शाम ससुराल पक्ष ने बसंती की तबीयत खराब होने की सूचना दी। अगले दिन 3 दिसम्बर की सुबह बसंती मृत मिली। परिजनों ने बताया कि उसके मुंह और नाक से झाग आ रहे थे और गले पर काले निशान भी थे। परिजनों ने पति श्यामलाल, ससुर सोहनलाल और सास पर दहेज की मांग पूरी न होने पर बसंती की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने देवाराम की रिपोर्ट पर विधि सम्मत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। सीओ जरनैल सिंह इस मामले की जांच कर रहे हैं।

सार-समाचार

क्राफ्टिंग वॉयसेज पर कार्यशाला

क्राफ्टिंग वॉयसेज : प्रोफेशनल स्क्रीन राइटिंग और कंटेंट राइटिंग कार्यशाला को प्रो. सोनू शिवा ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। राजकीय डूंगर कॉलेज के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा 'क्राफ्टिंग वॉयसेज़ : प्रोफेशनल स्क्रीन राइटिंग और कंटेंट राइटिंग' विषयक तीन दिवसीय कार्यशाला गुरूवार को शुरू हुई। प्रो. दिव्या जोशी को श्रद्धांजलि के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। डॉ. मनीष महर्षि ने प्रो. जोशी द्वारा स्थापित भाषा प्रयोगशाला सहित अन्य कार्यों को रेखांकित किया। उन्होंने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। उद्घाटन सत्र में विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू शिवा ने कार्यशाला की थीम का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने 'क्राफ्टिंग वॉयसेज़' के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्व, इसके बढ़ते अवसरों और विद्यार्थियों के करियर पर इसके सकारात्मक प्रभावों को बताया। प्राचार्य प्रो. राजेन्द्र पुरोहित ने कहा कि आधुनिक समय में कौशल आधारित प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी दक्षता विकसित करने में सहायक होती हैं और उनके व्यक्तित्व व संप्रेषण क्षमता को सुदृढ़ बनाती है। वर्कशॉप के प्रथम सत्र में डॉ. मनीष महर्षि ने हिन्दी फिल्म सिनेमा पर चर्चा की। उन्होंने पुराने दौर से लेकर आधुनिक काल तक सिनेमा में आये बदलावों, तकनीकी विकास, दर्शकों की बदलती पसंद और फिल्म निर्माण की नई आवश्यकताओं पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। उद्घाटन अवसर पर डॉ. शशिकान्त आचार्य एवं डॉ. सुनील दत्त व्यास ने भी विचार रखे।

नोखा अस्पताल में बेबी किट बांटे

नोखा, (कासं)। मांगीलाल बागड़ी राजकीय जिला चिकित्सालय नोखा में महावीर इंटरनेशनल नोखा केन्द्र द्वारा नवजात शिशुओं के लिए बेबी किट वितरित किए गए। प्रसूति विभाग की इंचार्ज प्रज्ञा बारूपाल ने इस अवसर पर कहा कि हाइजेनिक बेबी किट नवजात शिशु को संक्रमण से बचाने के साथ साफ-सुथरा और आरामदायक रखने में भी मदद करते हैं। महावीर इंटरनेशनल नोखा केन्द्र के स्वास्थ्य एवं शिविर प्रभारी भंवर लाल पींचा ने बताया कि इस चिकित्सालय में अधिकांश प्रसूताएं ग्रामीण क्षेत्रों से आती हैं। अज्ञानतावश नवजात शिशुओं में संक्रमण की संभावना बनी रहती है। इसलिए इन बेबी किट का महत्व बढ़ जाता है। शिविर प्रभारी लक्ष्मीकांत राठी ने जानकारी दी कि अपेक्स के स्थायी प्रोजेक्ट 'वात्सल्य' के तहत दिसंबर माह के 200 बेबी किट भेंट किए गए। ये किट समाजसेवी लाभचंद प्रेमचंद छाजेड़ परिवार के सौजन्य से जिला चिकित्सालय नोखा को प्रदान किए गए। प्रसूति विभाग की मीरां सारण सहित समस्त स्टाफ ने महावीर इंटरनेशनल नोखा केन्द्र का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नोखा केन्द्र के चेयरमैन वीर सुरेन्द्र कुमार हीरावत, कोषाध्यक्ष रामेश्वर लाल छींपा, ईश्वरचंद दुगड़, श्याम सेवग और नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थे। केन्द्र सचिव बाबूलाल कांकरिया ने छाजेड़ परिवार का आभार प्रकट किया।

पाइपलाइन लीक से गलियों में कीचड़

जसरासर, (निसं)। जसरासर बीरमेरी बास में पानी की सप्लाई लाइन में रिसाव के कारण गलियों में पानी भर गया। इस वजह से सड़कों पर कीचड़ जमा हो गया है, जिससे स्थानीय निवासियों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं को कीचड़ के कारण आने-जाने में कठिनाई हो रही है। यह समस्या पिछले कई दिनों से बनी हुई है, जिससे लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने जलदाय विभाग और ग्राम पंचायत से जल्द से जल्द पाइपलाइन के रिसाव को ठीक करवाने और गलियों में सफाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने जलदाय विभाग के कर्मचारियों से यह भी अनुरोध किया है कि पानी की सप्लाई रात के बजाय दिन में की जाए। उनका कहना है कि रात में सप्लाई खोलने से पानी व्यर्थ बहता है। क्योंकि कुछ घरों में टैंक भर जाने के बाद भी पानी गलियों में आता रहता है।

800 नशीली गोलियों सहित दबोचा

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिला पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी के कब्जे से स्मैक जबकि दूसरे के कब्जे से भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल व 800 टेबलेट्स बरामद किए गए हैं। पुलिस दोनों से नेटवर्क और सप्लाई चैन को लेकर पूछताछ कर रही है। घड़साना थाना पुलिस ने गश्त के दौरान रीको एरिया में संदिग्ध दिखे तो युवक को रोककर तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि इस दौरान गोविंद उर्फ गोमा (38), निवासी धानका बस्ती श्रीगंगानगर के कब्जे से 4.50 ग्राम स्मैक और बिक्री के 3100 रूपए बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच एसआई रामेश्वर लाल को सौंपी गई है। वहीं विजयनगर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए छिनुराम (27) निवासी श्रीविजयनगर को दबोचा। आरोपी के कब्जे से बडी मात्रा में नशे की गोलियां बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक कार भी जब्त की है।

खेत में महिला से मारपीट

लूणकरनसर, (कासं)। लूणकरनसर थाना क्षेत्र में पुश्तैनी जमीन के विवाद को लेकर मारपीट, कपड़े फाड़ने और बेइज्जत करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने ग्राम नाथवाणा के वार्ड 4 निवासी हाल चक 7 एलकेडी की गायत्री पत्नी भागीरथ जाट की शिकायत पर हरचंद, रामेश्वर लाल और मनीराम नामक तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गायत्री ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि चक 7 एलकेडी में उनके ससुर के नाम से पुश्तैनी संयुक्त खाते की 13.2267 हेक्टेयर भूमि में उनका 1/12 हिस्सा है। इस जमीन का पारिवारिक भौतिक विभाजन 30-40 साल पहले ही हो चुका था और वे अपने हिस्से की जमीन पर ट्यूबवैल व सौर ऊर्जा प्लांट से सिंचाई कर रहे थे। बुधवार को गायत्री और उनके परिवार के सदस्य खेत में ट्यूबवैल से सिंचाई कर रहे थे। तभी आरोपी हरचंद, रामेश्वरलाल और मनीराम हाथों में चौसगी और लाठियां लेकर वहां पहुंचे और ट्यूबवैल नहीं चलाने धमकी देकर मनीराम और रामेश्वरलाल ने लाठी और लोहे की सांकल से मारपीट शुरू कर दी।

पीबीएम में जनाना ओटी के टॉयलेट में ड्रेनेज सिस्टम छह माह से ब्लॉक

बीकानेर, (कासं)। पीबीएम जनाना हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर के टायलेट में लीकेज के कारण पोर्च में छत पर लगी फॉल्स सीलिंग गिर पड़ी। हादसे की आशंका को देखते हुए वहां से पूरी फॉल्स सीलिंग हटा दी गई है। अब छत से उखड़ा हुआ प्लास्टर और आरसीसी का लोहा नजर आ रहा है।

जनाना हॉस्पिटल में फॉल्स सीलिंग गिर पड़ी थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आम तौर पर वहां मरीज के परिजन सोते हैं। एहतियात के तौर पर पीडब्लयूडी ने पूरी फॉल्स सीलिंग हटवा दी। दरअसल यह चूने की फॉल्स सीलिंग है, जो 10 से 15 साल पुरानी है। इसके ऊपर जनाना के ऑपरेशन थिएटर का टायलेट बना हुआ है। पीबीएम और पीडब्लयूडी के दल ने जायजा लिया तो टायलेट का ड्रेनेज चॉक मिला। पानी फर्श पर फैल रहा था, जिसकी वजह से लीक होकर वह छत के जरिए फॉल्स सीलिंग पर गिर रहा था।

■ **ड्रेनेज सिस्टम छह माह से ब्लॉक होने से 15 साल पुरानी फॉल्स सीलिंग गिरी**

बताया जा रहा है कि कई महीनों से टायलेट की यही स्थिति बनी हुई थी। किसी ने ध्यान ही नहीं दिया। टायलेट के ड्रेनेज सिस्टम की नियमित सफाई नहीं होती, जिसकी वजह से पानी फर्श पर ही फैला रहता है। छतों और दीवारों में सीलन का यह बड़ा कारण बना हुआ है। पीबीएम में सौन्दर्यीकरण के नाम पर दो साल पहले लाखों रूपए फॉल्स सीलिंग पर खर्च कर दिए। छतों से पानी आने लगा तो अब फॉल्स सीलिंग हटानी पड़ रही है। मेडिसिन कैजुअल्टी की छत पर लगी पूरी फॉल्स सीलिंग हटा दी गई है। यहां भी ऊपर वार्ड का टायलेट है, जहां ड्रेनेज सिस्टम ब्लॉक पड़ा है।

दरअसल फॉल्स सीलिंग लगाने से पहले पीबीएम प्रशासन और पीडब्लयूडी के इंजीनियरों ने इस पर ध्यान ही नहीं दिया। नियमित सफाई के अभाव में टायलेट ब्लॉक होने से अब समस्या बड़ी हो गई है। छतों पर पट्टियां क्षतिग्रस्त होने लगी हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है।

पीबीएम हॉस्पिटल की बिल्डिंग करीब 85 साल पुरानी है। मानसून में इसकी छत पर पानी भरने से कई वार्डों की पट्टियों और दीवारों में सीलन आ जाती है। कहीं-कहीं पानी भी गिरता है। इसकी अनदेखी करते हुए कई वार्ड और गैलरी में सौन्दर्यीकरण के नाम पर फॉल्स सीलिंग लगाकर लाखों रूपए खर्च किए गए हैं।

सर्विस सेंटर से ट्रक गायब

नोखा, (कासं)। नोखा में बुधरों की ढाणी स्थित एक सर्विस सेंटर से एक ट्रक गायब हो गया।

जेगला गांव निवासी ट्रक मालिक सुनील कुमार बिश्नोई ने इस संबंध में नोखा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुनील कुमार ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उनका 10 चक्का ट्रक लगभग 15 दिन पहले सर्विस करवाने के लिए बुधरों की ढाणी के एक सर्विस सेंटर पर खड़ा किया गया था। जब वे ट्रक लेने पहुंचे तो उन्हें पता चला कि कोई अज्ञात व्यक्ति ट्रक लेकर चला गया है। ट्रक मालिक के अनुसार सर्विस सेंटर के कर्मचारियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने समझा कि ट्रक मालिक का ही कोई ड्राइवर गाड़ी लेकर गया होगा। इसलिए उन्होंने किसी प्रकार की रोक-टोक नहीं की। ट्रक की सर्विस का भुगतान पहले ही किया जा चुका था। सुनील कुमार ने बताया कि वे अपनी गाड़ियों की सर्विस लम्बे समय से इसी सेंटर पर करवाते आ रहे हैं।

बीच सड़क पर पत्थर और टूटी पट्टियां बनी मुसीबत

बीकानेर, (कासं)। यहां गजनेर रोड पर पुलिस लाइन चौराहे से लेकर ओवरब्रिज तक सड़क बनाने के लिए एक तरफ की सड़क को बीते 15 दिन से बंद किया गया है। इसके चलते दोनों साइड का ट्रैफिक एक ही ओर से गुजर रहा है।

इसके कारण गजनेर रोड पर लगभग दो किलोमीटर का जाम पूरे दिन लगा रहता है। जिसमें एम्बुलेंस, आफिस कर्मी, छात्र, हवाई अड्डा और गजनेर तथा पूगल की ओर जाने वाले फंसकर परेशान हो रहे हैं। हजारों लोगों की परेशानी से प्रशासन को कोई लेना देना नहीं है। लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। उनके वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं। लोगों को समस्या से बचाने के लिए एक भी ट्रैफिक पुलिस के कर्मी की ड्यूटी नहीं लगाई गई है।

■ **कई स्थानों पर टूटी पट्टियों के कारण गिर कर हादसे की वजह बन रहे हैं**

कोई वैकल्पिक मार्ग देने के साथ पहले संकरे ओवरब्रिज की आधी सड़क पर बीच में छोटे बड़े पत्थर रखकर डिवाडर बनाने की कोशिश की गई है। इसके चलते इन पत्थरों पर ही कारों के पहिए चढ़ जा रहे हैं जो हादसे के साथ ही जाम को और खराब बना रहे हैं। कुछ बाइक सवार पैदल चलने के लिए बनाए गए कुछ ऊंचे फुटओवर पर बाइक आदि चढ़ा दे रहे हैं जो बीच में कई स्थानों पर टूटी पट्टियों के कारण उनमें गिर कर हादसे की वजह बन रहे हैं। प्रशासन को आधी सड़क को दो हिस्से में बांटने के स्थान पर वैकल्पिक मार्ग देकर इस ओवरब्रिज को वन-वे करना चाहिए। फुटओवर की टूटी पट्टियों को तत्काल प्रभाव से बदला जाना चाहिए।

मंडियों में मूंगफली की आवक जारी

बीकानेर, (कासं)। शहर की मुख्य अनाज मंडियों में मूंगफली की कुल आवक करीब सवा दो लाख बोरी रही।

कच्ची आढ़त व्यापार संघ के अध्यक्ष जयदयाल डूडी ने बताया कि मुख्य मंडी में करीब डेढ़ लाख बोरी मूंगफली आई। उन्होंने कहा कि मंडी में मूंगफली की ढेरियों की नीलामी और उठाव प्रक्रिया में कोई बाधा न आये इसलिए शनिवार और रविवार को बोली बंद रखी गई थी। इससे किसानों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। चुग्गा की मूंगफली 5000 से 5500 रूपए तक बिकी और खल के मूंगफली 5300 से 6300 रूपए तक बिकी है।

उधर दी बीकानेर वूल एवं अनाज ट्रेडर्स संस्था के अध्यक्ष रामदयाल सारण ने बताया कि मंडी में करीब 80 हजार बोरी मूंगफली आई। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में मूंगफली के भाव स्थिर हैं और किसानों को निराश होने की जरूरत नहीं है। दोनों अनाज मंडियों में अब तक करीब 50 लाख बोरी से अधिक मूंगफली की आवक हो चुकी है।

■ **किसानों को अच्छे भाव मिलने से उत्साहित**

किसान नेता और व्यापारी दोनों ही इस बात से संतुष्ट हैं कि मंडियों में आवक नियमित है और खरीदारों को मूंगफली आसानी से मिल रही है। किसान अब उत्साहित है कि सही समय पर अच्छी कीमत मिलने से उनकी मेहनत रंग ला रही है और आने वाले दिनों में भी बाजार में स्थिर भाव की उम्मीद है।

बर्फीली हवाओं से कड़ाके की ठंड

श्रीगंगानगर, (कासं)। उत्तर भारत से चलने वाली बर्फीली हवाओं के कारण श्रीगंगानगर जिले में तेज ठंड का दौर शुरू हो गया है। सुबह शाम कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

दिन में निकल रही धूप में भी लोगों को ठिठुरन महसूस हो रही है। लोग दोपहर को भी घरों से गर्म कपड़े पहनकर बाहर निकल रहे हैं। कृषि अनुसंधान केन्द्र श्रीगंगानगर पर आज सुबह का न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री व अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं मंगलवार को न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री व अधिकतम तापमान 26 डिग्री रिकार्ड किया गया। दिन में मौसम ठंडा रहने से अधिकतम तापमान में 2.8 डिग्री के गिरावट आई है। जिले में लगातार पिछले कई दिनों से मौसम ड्राई बना हुआ है। गुरुवार सुबह ग्रामीण इलाकों में हल्का कोहरा छाया रहा।

एमई-एसएमई ने अवैध खनन की एक भी गाड़ी नहीं पकड़ी

बीकानेर, (कासं)। जिले में तीन सालों में अवैध खनन-निर्गमन के 148 मुकदमे हुए और 98 गाड़ियां जब्त भी की गई। लेकिन इनमें एमई-एसएमई की ओर से एक भी कार्रवाई नहीं की गई।

बीकानेर जिले में जिप्सम, बजरी-क्ले को अवैध खनन और निर्गमन होता रहा है। जिससे सरकार को हर साल करोड़ों रूपए का नुकसान होता है। बीकानेर जिले में अवैध खनन-निगर्मन रोकने का जिम्मा सीधे तौर पर खान विभाग का है, लेकिन उसके अधिकारी फील्ड में जाकर कार्रवाई करने से कतराते हैं। पिछले तीन सालों के दौरान बीकानेर जिले में अवैध खनन और निर्गमन संबंधी पुलिस थानों में दर्ज मुकदमों की पड़ताल की तो सामने आया कि एमई-एसएमई की ओर से फील्ड में जाकर कार्रवाई नहीं की जाती। वे अपने कार्यालयों में ही जमे रहते हैं। तीन सालों में खाजूवाला, बज्जू, रणजीतपुरा, पूगल, दंतौर, जामसर, गजनेर सहित अनेक पुलिस थानों में 148 मुकदमे दर्ज हुए जो फोरमैन या पुलिसकर्मियें की ओर से दर्ज कराए गए हैं। ऐसे भी मामले हैं जिनमें खातेदार की भूमि पर अवैध खनन हुआ और उसने मुकदमा दर्ज कराया। लेकिन एमई-एसएमई की ओर से पुलिस थानों में एक भी मुकदमा दर्ज नहीं है। पुलिस की ओर से 98 वाहन भी जब्त किए गए हैं। लेकिन एमई-एसएमई ने एक भी गाड़ी नहीं पकड़ी।

■ **तीन साल में पुलिस और फोरमैन ने अवैध खनन-परिवहन के 148 मुकदमे दर्ज कराये लेकिन एमई-एसएमई की ओर से एक भी मुकदमा नहीं कराया गया**

जिले में तीन सालों के दौरान 148 मुकदमों में 130 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 99 मुकदमों में आरोप प्रमाणित मानकर कोर्ट में चालान पेश किया और 49 मामले झूठे भी माने। इस दौरान 30 ट्रैक्टर ट्राली, 50 डंपर-ट्रोला और ट्रक, 7 एचईएमएम मशीन, 11 अन्य मशीनें जब्त की गईं। हजारों टन जिप्सम, बजरी, क्ले बरामद किया गया।

बिल नहीं भरने पर हाईवे रोड लाइट कनेक्शन काटे

नोखा, (कासं)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगे सभी रोड लाइट कनेक्शन काट दिए गए हैं। नोखा बिजली विभाग ने एनएचएआई पर 25 लाख रूपए का बकाया होने के कारण ये कार्रवाई की है। इससे हाईवे पर अंधेरा छा गया है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया।

बिजली निगम, नोखा सिटी के एईएन प्रमोद बारूपाल ने बताया कि एनएचएआई पर करीब 25 लाख रूपए का बकाया है। कई बार नोटिस और चेतावनी देने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया, जिसके चलते नियमानुसार सभी कनेक्शन काटने पड़े। कनेक्शन काटे जाने का सीधा असर हाईवे पर दिख रहा है।

पुलों, ओवरब्रिज, डिवाइडरों और मुख्य मार्गों पर लगी लाइटें पूरी तरह बंद हो चुकी हैं। रात में अंधेरा होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ब्यूटीशियन-टेलरिंग प्रशिक्षण से बेटियां आत्मनिर्भर बनेंगी : जेठानंद व्यास

बीकानेर, (कासं)। एसबीआई-आरसेटी द्वारा आयोजित ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरूवार को समापन और पैकेजिंग एवं लेबलिंग बैच की शुरूआत हुई।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कई नवाचार किए गए हैं। इसी क्रम में आयोजित हो रहे यह प्रशिक्षण युवाओं के लिए लाभदायक होंगे। उन्होंने कहा कि बेटियों के लिए ऐसे प्रशिक्षण आयोजित करना और भी अधिक प्रासंगिक हैं। बेटियां आत्मनिर्भर होंगी तो समाज और तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को प्रायोगिक जीवन में उतारने का आव्हान किया।

आरसेटी के ब्यूटीशियन प्रशिक्षाणार्थियों को विधायक जेठानंद व्यास ने प्रमाण पत्र वितरित किए

विधायक ने कहा कि आज का दौर पैकेजिंग, प्रोसेसिंग, लेबलिंग और ब्रांडिंग का है। ऐसे समय में यह प्रशिक्षण महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इस दौरान उन्होंने ब्यूटीशियन और टेलरिंग बैच की प्रशिक्षु महिलाओं द्वारा किए गए कार्यों का अवलोकन किया तथा उन्हें प्रमाण पत्र भी वितरित किए। उन्होंने संस्थान के प्रयासों को सराहा। लीड बैंक मैनेजर लक्ष्मण राम मोडासिया ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं के लिए बैंकों की विभिन्न ऋण योजनाओं के बारे में बताया। आरसेटी बीकानेर के निदेशक रूपेश शर्मा ने आरसेटी की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी और कहा कि इस वर्ष अब तक 26 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। जिनके माध्यम से 874 युवाओं को 14 ट्रेड्स में प्रशिक्षित किया गया है।

उन्होंने बताया कि ब्यूटीशियन का कोर्स आवासीय था। इसमें 35 महिलाओं ने भागीदारी निभाई। पाठ्यक्रम 31 अक्टूबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कपिल पुरोहित ने किया। इस दौरान जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. हरिशंकर आचार्य, राजीविका के जिला प्रबंधक मणिशंकर हर्ष, कुंजबिहारी, सना, केशव, सहीराम, सरिता सहित सदस्य उपस्थित रहे।

43.58 लाख रूपए का क्लेम

बीकानेर, (कासं)। मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण ने ट्रक ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत के मामले में बीमा कंपनी को आदेश दिया है कि वह मृतक के परिजनों को 43,58,700 रूपए का भुगतान करे।

शोभासर गांव से पहले ट्रक ट्रेलर के चालक ने लापरवाही से बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक : - नियमन/2025/4942 दिनांक :- 04-12-2025

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 32 के किला नं. 18 में माप 30 इन्द्र 50 फीट भूखण्ड संख्या सी-45, श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 27486 दिनांक 14.01.2025 को एवं किला नं. 17 में भूखण्ड संख्या सी-44 का पटटा संख्या 27487 दिनांक 14.01.2025 को श्रीमती कमलेश पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार चलाना के नाम से जारी किया हुआ है। उक्त भूखण्डों को श्रीमती किरण बाला वर्मा पत्नी श्री मुकेश कुमार वर्मा निवासी सी-28, पंजाबी बाग, चक 7 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 25.11.2025 के द्वारा क्रय कर शपथ पत्र सहित पंजीकृत बैयनामा व अपने स्वामित्व के दस्तावेज प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आबंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - **सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:- नियमन/2025/4536 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 03/12/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 48/50 के किला नं. 14, 15 में भूखण्ड संख्या का माप 14'-0'' गुणा 50'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री गोकल चन्द निवासी वार्ड नं. 25, गुरूद्वारा रोडा, सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्